प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 09.01.2025

मुख्य समाचारः–

- मुंगेली जिले के सरगांव में स्थित फैक्ट्री में निर्माणाधीन चिमनी के गिरने से करीब आधा दर्जन मजदूर दबे–बचाव अभियान चलाकर मलबे में दबे मजदूरों को निकाला जा रहा है।

- सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन माओवादियों के मारे जाने की खबर।

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल एकदिवसीय प्रवास पर दुर्ग जिले में आएंगे–साथी बाजार का करेंगे शिलान्यास।

- भारतीय संविधान के पचहत्तरवें वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश में ग्यारह से पच्चीस जनवरी तक संविधान गौरव यात्रा निकालेगी।

<u>मुंगेली–फैक्ट्री हादसा</u>
मुंगेली जिले के सरगांव में स्थित एक फैक्ट्री की निर्माणाधीन चिमनी आज दोपहर अचानक गिर गई। इसके नीचे तीन से चार मजदूरों के दबे होने की आशंका है। हादसे के तुरंत बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत तथा बचाव कार्य शुरू किया। अभी तक दो घायल मजदूरों को बाहर निकाला जा चुका है, जिन्हें बिलासपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, बाकी मजदूरों को निकालने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिले के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जानकारी दी।

पुलिस ने बताया की फैक्ट्री की चिमनी इतनी भारी है कि उसे हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। साथ ही चिमनी में काफी मात्रा में राख होने से भी रेस्क्यू करने में परेशानी आ रही है।

<u>माओवादी मुठभेड़</u>
सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन माओवादियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, माओवादियों के मारे जाने की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी, स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ और सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम बीजापुर जिले की सीमा पर माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर रवाना हुई थी। इस दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई।

<u>मुख्यमंत्री–धमतरी</u>
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल धमतरी जिले में दो सौ अड़सठ करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने धमतरी में स्वामित्व कार्डों के वितरण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया।

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री अरूण साव, खेल मंत्री टंकराम वर्मा और कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने भी संबोधित किया।

विजय शर्मा–बैठक

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जारी एसओपी के पालन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। कल रायपुर स्थित मंत्रालय में हुई गृह विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई पुलिस अधिकारी या कर्मचारी इस अवैध कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तत्काल बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए नई स्थानांतरण नीति लागू करने के भी निर्देश दिए।

भाजपा–संविधान गौरव यात्रा

भारतीय संविधान के पचहत्तरवें वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश में ग्यारह से पच्चीस जनवरी तक संविधान गौरव यात्रा निकालेगी। इस अभियान के संचालन के लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति के संयोजक पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल बनाए गए हैं। वहीं, भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब समिति के सह संयोजक होंगे। नीलकंठ टेकाम, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय और किरण बघेल को सदस्य नियुक्त किया गया है।

संविधान गौरव अभियान समिति के प्रदेश संयोजक नारायण चंदेल ने बताया कि इस यात्रा के तहत सभी प्रदेशों की राजधानी और प्रमुख केन्द्रों पर पचास गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। इन गोष्ठियों में केन्द्र सरकार के मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान सभी जिला केन्द्रों में अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा 'हमारा संविधान–हमारा स्वाभिमान' विषय पर गोष्ठियों का आयोजन भी किया जायेगा। वहीं, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और सभी शिक्षण संस्थानों में क्विज, निबंध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

पत्रकार हत्या–एसआईटी जांच

बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में गठित विशेष जांच समिति–एसआईटी की टीम बीजापुर पहुंचकर जांच–पड़ताल कर रही है। टीम ने घटनास्थल पर आरोपियों से पूरी वारदात को रीक्रिएट करवाया। एसआईटी ने पचास से अधिक लोगों से पूछताछ की और सभी पूछताछ, तलाशी तथा जब्ती कार्रवाइयों की वीडियोग्राफी भी करवाई है।

महिला बाल विकास–समीक्षा

महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती राजवाड़े ने कल मंत्रालय में महिला और बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने पोषण ट्रैकर में शत–प्रतिशत एंट्री नहीं करने वाले अधिकारियों के वेतन से अंतर की राशि का भुगतान करने के भी निर्देश दिए।

चौहान–दौरा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल दस जनवरी को छत्तीसगढ़ के एकदिवसीय दौर पर रहेंगे। जानकारी के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्री कल सुबह विशेष विमान से रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद वे दुर्ग जिले के नगपुरा पहुंचकर जैन मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। कृषि मंत्री नगपुरा के आत्मानंद स्कूल में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद श्री चौहान कुम्हारी के मिनी स्टेडियम में आयोजित किसान मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे और देश के पहले 'साथी बाजार' का दुर्ग में शिलान्यास करेंगे। साथी बाजार में मॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां मल्टीप्लेक्स थिएटर, गेम जोन, फूड जोन के अलावा किसानों की आय दोगुनी करने एग्री मॉल और कोल्ड स्टोरेज जैसे  व्यवस्था होगी। इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हेलीकॉप्टर से रायपुर आकर विशेष विमान से रायपुर से भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

मुख्य सचिव–आदेश

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने प्रदेश के सभी शासकीय विभागों के लिए आदेश जारी किया है कि सभी कर्मचारी यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षा बेल्ट तथा हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में शासकीय कर्मियों की मृत्यु और गंभीर हादसे पर चिंता जताई है।

मलखंभ अकादमी

प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नारायणपुर में मलखंभ अकादमी की स्थापना की जाएगी। इस अकादमी के लिए राज्य सरकार ने तेरह नये पदों के सृजन को मंजूरी दे दी है। मलखंभ अकादमी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक सुविधाएं और प्रशिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी, जिससे खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त होगा।

अग्निवीर भर्ती–आवेदन

भारतीय सेना भर्ती कार्यालय द्वारा अग्निवीर में भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से सत्ताईस जनवरी तक ऑनलाइन आवदेन आमंत्रित किए गए हैं।

इस भर्ती प्रक्रिया में केवल वे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जिनका जन्म एक जनवरी दो हजार पांच से एक जुलाई दो हजार आठ के बीच हुआ है। इस भर्ती के लिए पुरुष और महिला दोनों अविवाहित अभ्यर्थी पात्र होंगे।

रायगढ़–वार्षिक कॉन्फ्रेंस

इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट के छत्तीसगढ़ चैप्टर की वार्षिक कॉन्फ्रेंस कल दस जनवरी से रायगढ़ के शासकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित की जाएगी। बारह जनवरी तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ के अलावा देश के विभिन्न भागों से विशेषज्ञ चिकित्सक और पीजी छात्र भी शामिल होंगे। इस कॉन्फ्रेंस का विषय "पैथोलॉजी में रोगों की प्रकृति के रहस्यों को पता लगाना" है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार हवा की दिशा में परिवर्तन होने से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कल से मामूली वृद्धि संभावित है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि अगले तीन–चार दिनों में प्रदेश का मौसम बदलेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

- कल विश्व हिन्दी दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है।
- जांजगीर–चांपा जिले के झलमला उप स्वास्थ्य केन्द्र को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता सर्टिफिकेशन प्रमाण–पत्र मिला है।
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध कृषि विज्ञान केन्द्रों में सात पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इकतीस जनवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं।
- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के लिए नामांकन और परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
- गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के टीकरकला में पंद्रह जनवरी को जिला स्तरीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

- गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के मल्हार स्थित पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए अट्ठारह जनवरी को परीक्षा होगी।

- कबीरधाम जिले की पिपरिया पुलिस ने लगभग पंद्रह किलो गांजे के साथ  दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपए बताई गई है।
- बस्तर वनमंडल, वन उड़नदस्ता रायपुर और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की संयुक्त टीम ने तैंतालीस किलो पेंगोलिन स्केल्स जब्त किया है। वन विभाग की टीम ने इस मामले में तीन आरोपियों को अलग–अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है।

- रायपुर जिला प्रशासन ने आज टेमरी गांव में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया।